खुली हुई गाड़ी... इतने नजदीक सांभर

रोज ढाई-तीन हजार पर्यटक लेकिन एंट्री सिर्फ दो हजार को, टिकट बंद हुए नहीं कि विवाद शुरू

वीकएंड में भीड़ के कारण लौटना न पड़े इसलिए जंगल सफारी होगा ऑनलाइन

गुड न्यूज

भास्कर न्यूज | रायपुर

जंगल सफारी में एंट्री की बुकिंग जल्द ही ऑन लाइन होगी। घर बैठे लोग सफारी में एंट्री की टिकट बुक करवा सकेंगे। सफारी में एक दिन में केवल 2000 लोगों को प्रवेश दिया जा सकता है, लेकिन इसका क्रेज इतना बढ़ गया है कि रोज ढाई-तीन हजार लोग पहुंच रहे हैं। दो हजार लोगों की एंट्री के बाद बाकी को गेट से ही लौटा दिया जाता है। ऑन लाइन सिस्टम शुरू होने से गेट से कोई नहीं लौटेगा। जब जिसकी टिकट बुक होगी वही सफारी में आएंगे। वन विभाग ने ऑन लाइन बुकिंग के लिए वेबसाइट बनाने का जिम्मा फॉरेस्ट मैनेजमेंट एंड इनफरमेशन सिस्टम को सौंप दिया है।

सफारी में एंट्री की बुकिंग की वेबसाइट पर काम भी शुरू हो गया है। अफसरों ने संकेत दिए हैं कि मार्च में गर्मी की छुट्टियां शुरू होने के पहले ही वेबसाइट तैयार कर ली जाएगी। उसी समय से एंट्री ऑन लाइन सिस्टम से दी जाएगी। इससे छुट्टियों के दौरान सफारी देखने वालों को दिक्कत नहीं होगी। अफसरों के अनुसार ऑन लाइन बुकिंग के अलावा ऑन द स्पॉट सीट देने का सिस्टम भी चालू रहेगा। यानी सीटें खाली रहने पर सफारी के गेट से भी एंट्री टिकट दिया जाएगा।

कैसे काम करेगा ऑन लाइन सिस्टम

सफारी की बुकिंग का ऑन लाइन सिस्टम बिलकुल वैसा ही बनाया जा रहा है जैसा कि बारनवापारा अभ्यारण्य का है। बार में अभी बुकिंग पूरी तरह से ऑनलाइन ही करवायी जा रही है। किसी भी पर्यटक को सैर के लिए वन विभाग की वेबसाइट पर जाकर बार में अपना दौरा बुक करवाना पड़ता है।

टिकट नहीं मिलने से परेशान होते रहे लोग।

मनोरंजन के साथ एजुकेशन हब भी बनेगा सफारी परिसर : नई राजधानी का जंगल सफारी मनोरंजन के साथ बच्चों के लिए एजुकेशन का हब बनाने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। सफारी से सटी 400 एकड़ की खाली जमीन पर बॉटनिकल गार्डन बनाया जाएगा। इसमें देश के और दुनिया के अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। अफसरों कहना है कि जितनी प्रजाति संभव होगी, पूरी की पूरी यहां लगायी जाएगी।

सफारी बनेगा देश में पहचान

वन विभाग के प्रमुख सचिव आरपी मंडल का कहना है कि जंगल सफारी की देश में अलग पहचान बनाने के प्रयास हैं। बॉटिंग का कांसेप्ट लाया जा चुका है। बॉटिनकल गार्डन भी करीब ही रहेगा। इसके अलावा यहीं जू रहेगा। सफारी में आने वाला कोई पर्यटक निराश होकर न लौटे, इसके लिए ऑन लाइन सिस्टम बनाया जा रहा है।

दूसरे राज्यों में भी क्रेज

देश के दूसरे राज्यों में भी जंगल सफारी की चर्चा पहुंच रही है। गुजरात, मप और बिहार से कुछ ग्रुप यहां सफारी की सैर के लिए आ चुके हैं। दो दिन पहले इंदौर की एक बड़ी स्कूल का ग्रुप सफारी की सैर के लिए आया था। वह ग्रुप बच्चों के अध्ययन दौरे पर निकला था। राज्यभर से स्कूली बच्चों का ग्रुप सफारी की सैर के लिए आ रहा है। बिलासपुर, लोरमी, कांकेर, बचेली, सारंगढ़, महासमुंद, कवर्धा, राजनांदगांव-दुर्ग से कई स्कूलों के ग्रुप यहां आ चुके हैं। कई बार ऐसे स्कूल के ग्रुप को लौटाना पड़ा है।

वीकएंड पर विवाद, नए साल के पहले दिन जमकर हंगामा

नए साल के पहले दिन रविवार की छुट्टी थी। इस वजह सुबह से ही सफारी में हजारों की भीड़ पहुंच गई। कुछ ही घंटों में टिकट बिक गए और दोपहर 12 बजे काउंटर बंद कर दिया गया। उसके बाद आने वाले लोग भड़क गए। कुछ लोगों ने गेट पर जमकर हंगामा किया। कुछ देर के लिए स्थिति कंट्रोल से बाहर हो गई थी। अफसरों की समझाइश का लोगों पर कोई असर नहीं हो रहा था। अफसरों ने समझाया कि किसी भी जंगली जानवर के बारे में एक साथ गाड़ियों को एंट्री नहीं दी जा सकती है। ऐसी दशा सभी को एंट्री देना संभव नहीं है। लोगों का तर्क था कि आज नए साल के पहले दिन उन्हें छूट देनी चाहिए। ऐसा तो हर जगह होता है। कोई भी तकनीकी समस्या को समझने के लिए तैयार नहीं था। अफसरों को वहां से जाकर गेट बंद करना पड़ा। उसके बाद भी शाम तक कई परिवार के गेट के बाहर बैठे थे। उन्हें उम्मीद थी कि एंट्री मिल जाएगी। गौरतलब है कि एंट्री को लेकर हर वीकएंड यानी शनिवार रविवार को विवाद होता है।

हादसे रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस इस साल खरीदेगी नए उपकरण

रायपुर | नए साल में ट्रैफिक पुलिस में संसाधन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि कार्रवाई में तेजी आए और हादसे रोका जाए। पुलिस मुख्यालय ने ट्रैफिक पुलिस के लिए नए उपकरण खरीदने के लिए लाखों का फंड दिया है।

मशीनों के खरीदारी के लिए टेंडर जारी किया है। बड़ी संख्या में ब्रिथ एनालाइजर और स्पीड रडार गन खरीदा जा रहा है। दोनों मशीन की कई सालों पर खरीदी की जा रही है। पुराने मशीन खराब पड़े हुए है। जो मशीन काम कर रहे है, उसकी भी रिपोर्ट ठीक नहीं है। पुलिस अफसरों ने बताया कि इस साल 350 ब्रिथ एनालाइजर, 10 स्पीड रडार गन, लॉक, बैटन समेत कई अन्य सामान की खरीदारी की जा रही है। इसके अलावा क्रेन खरीदी के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया।

लागत नहीं निकलने से आक्रोशित किसान आज बांटेंगे फ्री सब्जी

रायपुर | लागत नहीं निकलने से आक्रोशित और परेशान सब्जी उत्पादक किसान सोमवार को बूढ़ापारा धरना स्थल पर लोगों को मुफ्त में सब्जियां बांटेंगे। कीमतों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं और होने वाले नुकसान को लेकर किसान विरोध दर्ज करेंगे। विरोध प्रदर्शन के लिए वे सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक एक लाख किलो सब्जी लोगों को बांटेंगे। किसानों का कहना है कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने तय किया है कि एक व्यक्ति को अधिकतम पांच किलो सब्जी दी जाएगी। लोगों को थैला स्वयं लाना होगा।

मंदिर हसौद स्थित रेलवे फाटक 10 से स्थाई तौर से होगा बंद

रायपुर | रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले रायपुर-टाटलागढ़ रेल लाइन पर मंदिर हसौद के पास स्थित मानव रहित फाटक को हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी है। 10 जनवरी सुबह 8 बजे से इस रेलवे फाटक को हमेशा के लिए बंद कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक इस यहां अंडरब्रिज सब-वे का निर्माण पूर्ण हो गया है। अंडरब्रिज से ट्रैफिक शुरू होने के साथ ही रेलवे फाटक को हमेशा के लिए स्थाई तौर पर बंद किया जाएगा। इससे मानव रहित रेलवे समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी होगी। धीरे-धीरे सभी मानव रहित फाटकों को बंद करने का लक्ष्य है।